इसके पश्चात सदस्यगण कुछ देर तक मौन खड़े रहे ।

The Members then stood in silence for a short while.

मानव का चांद पर पहुंचना

MAN's LANDING ON THE MOON

प्रधान मंत्री, वित्त मंत्री, परमाणु-शक्ति मंत्री तथा योजना मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी): उपाध्यक्ष महोदय, मानव आज चांद पर उतर गया है, यह विश्व की एक अद्‌भुत तथा ब्रह्माण्ड सम्बन्धी एक ऐतिहासिक घटना है । अब हम अपने इस विश्व को और अधिक सही रूप में देख सकते हैं और उसमें व्याप्त नवीन सुन्दरता की खोज कर सकते हैं ।

इस सभा के सभी सदस्यों की ओर से मैं अन्तरिम यात्री श्री आर्मस्ट्रांग तथा श्री एल्ड्रिन को जिन्होंने चांद पर पदार्पण किया है, और कमान्डर कोलिन्स को तथा तकनीसियनों के अति कुशल दल और उनके हजारों सह कर्मचारियों को जो उनके पीछे हैं, हार्दिक बधाइयां देती हूं ।

वास्तव में यह विज्ञान की एक महान विजय है जिसमें मानव का अदम्य तथा अद्‌भुत साहस झलकता है । अमरीकी लोगों के लिये और वास्तव में सभी मानव जाति के लिये यह गौरव का क्षण है ।

अमरीका तथा रूस के अन्तरिक्ष यात्री हमारे इस युग के अन्तरिक्ष सेनानी रहे हैं और उनके उदाहरण से विश्व के प्रत्येक नवयुवक को प्रेरणा मिलती है । उल्लास, हर्ष एवं विजय के इस महान अवसर पर हमारी कामना है कि अमरीका के ये साहसी अन्तरिक्ष यात्री सकुशल पृथ्वी पर लौट आयें ।

श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी : मेरा सुझाव है कि सभा के सदस्य इन साहसी सेनानियों को उनकी इस विजय के लिये सम्मानार्थ खड़े होकर हर्षध्वनि करें ।

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय प्रधान मंत्री द्वारा व्यक्त विचारों से सम्पूर्ण सभा सहमत है और हम उनके सकुशल लौट आने की कामना करते हैं । जैसा कि सुझाव दिया गया है हमें खड़े होकर इस विजय के लिये हर्षध्वनि करनी चाहिए ।

इसके पश्चात् सदस्यगण खड़े हुए और उन्होंने हर्षध्वनि की ।

The Members then stood up and gave an ovation

Shri Atal Bihari Vajpayee : I suggest that the sentiments expressed by the House are conveyed to the astronauts and their families.

उपाध्यक्ष महोदय : ऐसा किया जायेगा ।